दिनांकः 06.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश में कई जिलों में भारी बारिश के बाद अतिवृष्टि के हालात–जिला प्रशासन लोगों से सतर्कता बरतने की कर रहा है अपील।
- राज्य में पम्प भण्डारण परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने के लिए लाई जाएगी नीति–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–ऊर्जा क्षेत्र में बढ़ेगा निवेश।
- आरपीएससी के सदस्य कैलाश चंद्र मीणा को दिया गया आयोग के अध्यक्ष पद का अतिरिक्त कार्यभार।
- प्रदेशभर में आज लोक पर्व सिंजारा श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

....................

प्रदेश में अजमेर, पाली, राजसमंद, जालौर, सिरोही, नागौर, जोधपुर, जैसलमेर और बाडमेर सहित कई जिलों में भारी बारिश हुई है। इसके चलते इन जिलों में कई स्थानों पर पानी भर गया। कुछ जगह अतिवृष्टि के हालात पैदा हो गये। कई स्थानों पर मकान ढह गये। पिछले 24 घंटों में वर्षा जनित विभिन्न हादसों में नौ लोगों की मौत हो गई। जैसलमेर जिले के मोहनगढ कस्बे में भारी बारिश के कारण एक मकान गिरने से एक परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें दादा, दादी और पोता शामिला है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सड़क मार्गों पर बरसाती नदियों के चलने से रास्ते अवरुद्ध हो गये हैं।

....................

बारां के केलवाडा क्षेत्र में एक कार नदी में बह गई। हालांकि इसमें सवार दो युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। समरानिया में नाला पार करते समय मोटरसाइकिल सवार एक युवक की बहने से मौत हो गई। बडोदिया गांव में कच्चे मकान की दीवार गिरने से एक महिला की मृत्यु हो गई। चूरू के घडसीसर गांव में जोहड़ के पानी में डूबने से दो बालकों की मौत हो गई। उधर, पाली जिले में हो रही तेज बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। वहां कई कॉलोनियां जलमग्न हैं। धीनावास गांव में मकान के ढहने से एक महिला की मौत हो गई। सादडी में बरसाती पानी में एक युवक बह गया। जिले के बांधों में जलस्तर लगातार बढ रहा है। तेज बारिश के कारण जिला कलेक्टर ने आज स्कूलों की छुटटी घोषित की है। पांचना बांध से छोडा गया पानी भरतपुर के बयाना स्थित गंभीर नदी में तेज बहाव के साथ पहुंच रहा है। इसके देखने के लिए ग्रामीण भी जुट रहे हैं। प्रशासन लोगों से पानी से दूर रहने की अपील कर रहा है। इसके बावजूद भी लोग वहां पहुंच रहे हैं। इसी के चलते कल चार बालक गंभीर नदी में डूब गये। दो बालकों को बचा लिया गया, जबकि दो की तलाश जारी है। सवाईमाधोपुर में चौथ का बरवाडा मार्ग पर देवली डिडायच रपट पर पानी बहने से मार्ग अवरुद्ध है। चंबल नदी उफान पर है। केकडी में निचली बस्तियों में पानी भर गया है। टोडारायसिंह उपखंडा का जिला मुख्यालय से सम्पर्क कट गया है।

....................

अजमेर में हो रही भारी बारिश के मद्देनजर जिला कलेक्टर भारती दीक्षित ने जिलेवासियों को सुरक्षित और सचेत रहने का संदेश दिया है।

...............

नागौर और बाडमेर में भी तेज बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित है। भीलवाडा में पिछले 24 घंटों में मूसलाधार बारिश हुई। भारी बारिश के कारण रेल यातायात प्रभावित हो रहा है। जोधपुर मंडल के रोहट–केरला के बीच पानी भरने के कारण बांद्रा टर्मिनस–हिसार रेलगाडी परिवर्तित मार्ग से चलाई जा रही है। वहीं यशवंतपुर–बीकानेर रेलसेवा का मार्ग भी बदला गया है। जोधपुर मंडल के ही केरला–पाली मारवाड यार्ड के बीच पानी भरने के कारण जोधपुर–साबरमती रेलसेवा और मारवाड–खामलीघाट रेलसेवा आज रद्द रहेगी। मौसम विभाग ने आज जैसलमेर जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। वहां कहीं–कहीं अत्यंत भारी बारिश की प्रबल संभावना है। बाडमेर और जोधपुर जिलों के लिए ऑरेंज

अलर्ट तथा बीकानेर, सवाईमाधोपुर, टोंक, जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर और बूंदी जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

....................

प्रदेश में पम्प भण्डारण परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने के लिए नीति लाई जाएगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इस नीति से ऊर्जा क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा। कल मुख्यमंत्री कार्यालय में विभिन्न विकासकर्ताओं के साथ आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण में पम्प भण्डारण परियोजनाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। उन्होंने विकासकर्ताओं से अपने सुझाव राज्य सरकार को भेजने को कहा है, जिन्हें नीति में शामिल किया जाएगा। बैठक में राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल ने पम्प भण्डारण परियोजनाओं की प्रगति के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निगम ने प्रदेश में 8 संभावित स्थानों पर 7 हजार 100 मेगावाट की पम्प भण्डारण परियोजनाओं का चिन्हीकरण किया है। साथ ही, कई विकासकर्ता भी पम्प भण्डारण परियोजनाओं से जुड़े हैं।

....................

राज्य विधानसभा में आज भी कई मामलों में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाए जाएंगे। छबड़ा नगरपालिका में सरकारी जमीन पर मुस्लिम मुसाफिर खाने के अवैध निर्माण से उत्पन्न स्थिति के संबंध में, आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के मरीजों को अन्य राज्यों के आयुष्मान चिकित्सालयों में इलाज नहीं मिलने और कोटा के रानपुर के जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, को पशुपालन विभाग की अनदेखी के कारण आ रही समस्याओं के संबंध में ध्यानाकर्षण किया जाएगा। नगरीय विकास राज्य मंत्री, झाबर सिंह खर्रा, विभाग से संबंधित अधिसूचनाएं सदन के पटल पर रखेंगे। राज्य में आपदा प्रबंधन की स्थिति पर चर्चा की जाएगी।

....................

राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य कैलाश चंद्र मीणा को आयोग के अध्यक्ष पद का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। श्री मीणा आज कार्यभार ग्रहण करेंगे। आरपीएससी अध्यक्ष पद पर संजय श्रोत्रिय का कार्यकाल 1 अगस्त को पूरा हो जाने के बाद विभाग द्वारा यह निर्णय लिया गया है।

....................

प्रदेशभर में आज लोक पर्व सिंजारा श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर महिलाएं और नव विवाहित युवतियां मेंहदी रचाकर विशेष श्रंगार कर रही हैं। नव विवाहित युवतियों के ससुराल से सिंजारा भेजा जा रहा है। सिंजारे के रूप में कपड़े, खिलौने, शृंगार का सामान, आभूषण, फल और मिठाई भेजी जाती है। लोग घेवर और फीणी तथा लहरिया की खरीदारी कर रहे हैं। कल तीज का पर्व मनाया जाएगा। जयपुर के सिटी पैलेस की ज़नानी ड्योढ़ी से तीज माता की पारम्परिक सवारी निकाली जाएगी। सालों पुरानी इस परम्परा को देखने के लिए बड़ी संख्या में देशी–विदेशी पर्यटक जुटते हैं। इसके लिए यातायात के विशेष इंतजाम किये गये हैं। तीज के अवसर पर जयपुर में आधे दिन का अवकाश घोषित किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसके आदेश जारी किए हैं।

....................